प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 27.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव की तिथि घोषित की, 23 फरवरी को डाले जायेंगे वोट, 27 फरवरी को होगी मतगणना।
- भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर, भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने समझौते को मदर ऑफ ऑल डील्स करार दिया।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दावोस और यूके के 10 दिवसीय दौरे के बाद रांची लौटे, मंत्री सुदिव्य कुमार ने दौरे को बताया ऐतिहासिक, कहा–विदेशी निवेशक राज्य में निवेश के लिए उत्सुक।
- गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में लोकभवन में आयोजित हुआ एट होम कार्यक्रम, सामूहिक बैंड डिस्प्ले रहा समारोह का मुख्य आकर्षण।
- राज्य में तापमान में लगातार बढ़ोतरी से ठंड से राहत, मौसम विभाग ने कल पलामू, लातेहार, गढ़वा और चतरा में बारिश की जतायी संभावना।

***************

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम चुनाव 2026 की घोषणा कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने आज रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि सभी 48 नगर निकायों में एक साथ 23 फरवरी को वोट डाले जायेंगे जबकि मतगणना 27 फरवरी को होगी। नामांकन पत्र 29 जनवरी से चार फरवरी तक भरे जायेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पांच फरवरी को होगी। छह फरवरी तक नामांकन वापस लिये जा सकेंगे। 7 फरवरी को प्रत्याशियों के बीच निर्वाचन चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने बताया कि राज्य के नगर निकाय क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो गयी है।

***************

भारत और यूरोपीय संघ ने आज मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। भारत और यूरोपीय संघ ने व्यापार, सुरक्षा, रक्षा साझेदारी, आवाजाही, आपदा जोखिम प्रबंधन और हरित हाइड्रोजन सहित सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के संबंध मजबूत हुए हैं और नए मुकाम पर पहुंचे हैं।

***************

भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए व्यापार समझौते को मदर ऑफ ऑल डील्स करार दिया है। उन्होंने इसे वैश्विक जीडीपी के 20 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया, जो विकसित भारत के निर्माण और नए आर्थिक अवसरों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्विट्जरलैंड के दावोस और यूनाइटेड किंगडम के 10 दिवसीय दौरे के बाद आज रांची लौट आए। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, निवेश और अनुसंधान पर वैश्विक विशेषज्ञों से चर्चा की। रांची एयरपोर्ट पर गठबंधन दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

***************

राज्य के मंत्री सुदिव्य कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दावोस दौरे को राज्य के विकास के लिए ऐतिहासिक बताया और कहा कि विदेशी निवेशक निवेश के लिए उत्सुक हैं। वे कोडरमा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

***************

झारखंड सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह ने राज्य के बचे हुए 65 सक्रिय माओवादियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील की। रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने बताया कि सर्वाधिक 48 माओवादी पश्चिमी सिंहभूम में सक्रिय हैं। उन्होंने सरेंडर करने वालों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का भरोसा दिया गया है।

***************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड राज्य में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनर्जीवन विभाग से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

***************

खूंटी के फुटबॉल स्टेडियम में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त झारखण्ड कार्यशाला आयोजित हुई। उपायुक्त ने बाल विवाह और डायन प्रथा को मानवता के खिलाफ बताते हुए लोगों को इन्हें जड़ से मिटाने की शपथ दिलाई। उन्होंने जोर दिया कि बेटियों को बोझ न समझकर उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसर देने के लिए समाज की सोच बदलना जरूरी है।

***************

रांची में कल नीति आयोग और राज्य ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सतत उद्यम विकास के माध्यम से जनजातीय एवं ग्रामीण आजीविका का सशक्तीकरण विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद शामिल होकर ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने की रणनीति साझा करेंगे।

***************

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज रांची स्थित लोकभवन में पारंपरिक एट होम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की मेजबानी में आयोजित इस समारोह में सामूहिक बैंड डिस्प्ले मुख्य आकर्षण रहा।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, कई न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी और कई गणमान्य हस्तियां शामिल हुईं। इस अवसर पर राज्यपाल ने मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्रदर्शित झांकी, परेड एवं बैंड में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाली विभागों और टीमों को पुरस्कृत किया।

***************

राज्य से ठंड अब विदा ले रही है और तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वर्तमान में अधिकतम तापमान 25 से 30 डिग्री के बीच है, जबकि खूंटी और लोहरदगा को छोड़कर सभी जिलों का न्यूनतम पारा 10 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण कल पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार में हल्की बारिश की संभावना है।

*******समाप्त********